देश के कृषि निर्यात में हिस्सेदारी बढ़ाएगा उत्तर प्रदेश, चिह्नित कृषि जिन्सों को समिति की मंजूरी

यूपी का आठ जिन्सों के निर्यात पर फोकस

पहल

राज्य मुख्यालय | राजकुमार शर्मा

देश के कृषि उत्पादों के निर्यात में यूपी अब अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगा। राज्य सरकार ने इसकी पहल की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पैदा होने वाली आठ कृषि जिन्सों को निर्यात के लिए चिह्नित किया गया है। अब निर्यात की दृष्टि से इनके लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रमुख उत्पादक और संभावित निर्यातक भी चिह्नित होंगे।

चिह्नित जिन्सों में काला नमक चावल, बासमती चावल, गुड़, आम, आलू, आंवला, दुग्ध उत्पाद और सब्जियां शामिल हैं। अपर मुख्य सचिव कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने को 2019 में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति बनाई थी। इसके तहत राज्य स्तरीय निर्यात निगरानी समिति गठित की गई थी। गत वर्ष 08 दिसंबर को हुई समिति की पहली बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा कृषि निर्यात प्रोत्साहन तकनीकी समिति को कृषि निर्यात योग्य उत्पादों को चिन्हित करने का निर्देश दिया था। उनके क्लस्टरों में उत्पादक और निर्यातक को चिह्नित करने के साथ अच्छी कृषि पद्धतियों और निर्यात के लिए जरूरी चीजों की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा गया था।

2019
में उत्तर प्रदेश की कृषि निर्यात नीति बनाई थी

08
दिसंबर 2020 को हुई थी समिति की पहली बैठक

सुविधाएं होंगी विकसित

अपर मुख्य सचिव कृषि विपणन डा. देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता वाली समिति की मंजूरी के बाद अब चिह्नित जिन्सों के निर्यात के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। मसलन नई कृषि पद्धतियां,पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज, राइपनिंग चेंबर सहित अन्य सुविधाओं का विकास होगा। हर जिले में क्लस्टर बनाए जाएंगे। इसके लिए हाल ही में कैबिनेट ने नियमों में बदलाव को मंजूरी दी थी।

इन जिलों में होती है चिह्नित किए गए जिंसों की खेती

जिन्स	जिले
काला नमक चावल	गोरखपुर, महाराजगंज, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, बहराइच, गोंडा, देवरिया, बस्ती, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती
बासमती चावल	पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 23 जिले
आम	वाराणसी, सहारनपुर, लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, मेरठ, अमरोहा, रामपुर, बुलंदशहर, अयोध्या, बिजनौर,प्रतापगढ़, मुजफ्फरनगर, हरदोई, कासगंज, अंबेडकर नगर, खीरी, अलीगढ़, बाराबंकी, कुशीनगर, मुरादाबाद, बागपत, बलरामपुर
आलू	आगरा, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, बदायूं, संभल, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, इटावा, मैनपुरी, प्रयागराज, शाहजहांपुर, बाराबंकी, हरदोई, मथुरा।
गुड़	अयोध्या, मुजफ्फरनगर
दुग्ध उत्पाद	एटा, मथुरा, बुलंदशहर, वाराणसी, गोरखपुर, उन्नाव, अलीगढ़, रामपुर, लखनऊ, मेरठ
आंवला	प्रतापगढ़, कौशांबी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, आजमगढ़, बस्ती, फतेहपुर
ताजी सब्जियां	संपूर्ण प्रदेश